FOR SUPPLY OF PLASTIC CRATES AND ... SHREE

M.P. STATE AGRO INDUSTRIES DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
PANCHANAN, 3RD FLOOR, MALVIYA NAGAR, BHOPAL-462003
☎- 0755- 2551652, 2551756 Fax - 0755 2557305 email - mpagrohobpl@gmail.com
website : www.mpstateagro.nic.in - CIN No. U01119MP1969SGC001055

क्रमांक : मुख्या / विपणन / MNPPR-101 / 2024–25 / 3601 दिनांक : 10.12.2024
13-01-25

प्रति,

जिला प्रबंधक (समस्त),
क्षेत्रीय प्रबंधक (समस्त),

विषय : NON POISONOUS PEST REPELLENTS की दरों के प्रसारण के संबंध में।
संदर्भ : M/S MIKADO ENGINEERS, ZIRAKPUR द्वारा निगम के साथ किया गया MOU

निगम द्वारा M/S MIKADO ENGINEERS, ZIRAKPUR (PUNJAB) के साथ NON POISONOUS PEST REPELLENTS का प्रदाय निगम के माध्यम से करने हेतु एम.ओ.यू. संपादित किया गया है। NON POISONOUS PEST REPELLENTS के प्रदाय हेतु क्रय–विक्रय दरें FOR DESTINATION (प्रदाय स्थल तक पहुंचाकर) लोडिंग एवं अनलोडिंग सहित हैं, जो पत्र के साथ संलग्न है।

M/S MIKADO ENGINEERS, ZIRAKPUR (PUNJAB) द्वारा M/S SINGLA TRADERS, SUBHAG CITY CENTER, NEW MARKET, BHOPAL को सामग्री की प्रदायगी, बिलिंग, भुगतान एवं सर्विस इत्यादि के लिए अधिकृत किया गया है। अतः M/S SINGLA TRADERS, BHOPAL द्वारा जारी देयक मान्य किये जावे एवं प्रदायगी आदेश इनके पक्ष में जारी किये जावें।

प्रदाय से संबंधित अन्य नियम एवं शर्ते निम्नानुसार रहेंगी :–

1. **दरों की प्रभावशीलता** : उपरोक्त क्रय एवं विक्रय दरें समस्त कर (जी.एस.टी, ड्यूटी, अन्य व्यय), परिवहन / निरीक्षण शुल्क, सहित एफ.ओ.आर. डेस्टीनेशन (विकासखण्ड स्तर तक) पहुंचाकर प्रसारण दिनांक से ***दिनांक 30.09.2025*** तक लागू रहेंगी।

2. **आदेश की प्रक्रिया** : जिला प्रबंधक प्रदायक / निर्माता कम्पनी के अनुशंसा के साथ प्राप्त मांग को निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक को अग्रेषित करेंगे एवं क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा विभाग से राशि प्राप्ति की सुनिश्चितता करते हुए संबंधित प्रदायक / निर्माता कम्पनी के पक्ष में आदेश जारी करेंगे।

   (अ) प्रदाय आदेश में सामग्री का विवरण, प्रदाय दर, प्रदाय शर्ते, प्रदाय स्थल की जानकारी एवं निगम के GSTN नम्बर आदि का स्पष्ट उल्लेख किया जावे।

   (ब) प्रदाय आदेश में प्रदायगी की समयसीमा का उल्लेख किया जावे। जिला प्रबंधक यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रदायक द्वारा आदेशित सामग्री का प्रदाय सही हालत एवं समयसीमा में किया जावे। विलम्ब की स्थिति में प्राप्तकर्ता विभाग की सहमति प्राप्त होने के उपरांत ही प्रदायगी स्वीकार की जावे।

   (स) क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा आदेश जारी करने के पूर्व यह अवश्य ध्यान रखा जावे कि जिला प्रबंधकों द्वारा जो मांग दी जा रही है वह निश्चित व्यवसाय के विरूद्ध है।

3. **सामग्री की प्रदायगी** – प्रदायगी क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा लिखित प्रदाय आदेश जारी करने के उपरांत प्रदायक / निर्माता कम्पनी द्वारा प्रदाय आदेश में दिये गये निर्देशों के अनुरूप की जावे।

(अ) प्रदायक द्वारा देयक पर निगम का GST NO. 23AACCM0330Q1ZM का उल्लेख किया जाना आवश्यक है। देयक में CGST एवं SGST की राशि का भी उल्लेख किया जावेगा। प्रदायक का उत्तरदायित्व है कि GST का भुगतान नियमानुसार समय से किया जावे व मासिक रिर्टन GSTR-1 में दर्शाया जावे। किसी प्रकार की विसंगति के कारण निगम को कोई हानि होती है तो तदानुसार हानि की राशि की कटौती प्रदायक/निर्माता कम्पनी के देयक से की जावेगी।

(ब) प्रदायक/निर्माता कम्पनी द्वारा आदेशित सामग्री के प्रदाय के उपरांत देयक तीन प्रतियों में भुगतान हेतु संबंधित जिला प्रबंधक को प्रस्तुत किया जावेगा। देयक के साथ जियो टेगिंग फोटोग्राफ, पावती/संतुष्टि प्रमाण पत्र एवं थर्डपार्टी इन्सपेक्शन रिपोर्ट प्रस्तुत की जानी होगी।

(स) आदेशित सामग्री का प्रदाय करते समय प्रदाय की जा रही सामग्री का भौतिक निरीक्षण निगम के जिला प्रबंधक एवं संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा किया जावेगा। तदोपरांत पावती एवं संतुष्टि प्रमाण पत्र संयुक्त हस्ताक्षर से जारी किये जावेंगे।

4. **सामग्री की गुणवत्ता** –

(अ) निगम के माध्यम से प्रदाय की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता के लिए प्रदायक/निर्माता कम्पनी पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे। गुणवत्ता के संबंध में किसी भी स्तर पर शिकायत प्राप्त होने पर इसकी सूचना जिला प्रबंधक संबंधित प्रदायक को देते हुए शिकायत का निराकरण करायेंगे एवं की गयी कार्यवाही से क्षेत्रीय प्रबधंक को अवगत करायेंगे। यदि समयसीमा में शिकायत का निराकरण संबंधित प्रदायक/निर्माता कम्पनी द्वारा नहीं किया जाता है तो प्रदाय सामग्री में से विधिवत सैम्पल का परीक्षण किसी मान्यता प्राप्त शासकीय संस्था को गुणवत्ता की जांच के लिए भिजवाया जावे एवं क्षेत्रीय कार्यालय एवं निगम मुख्यालय को सूचित किया जावे, सामग्री की गुणवत्ता उचित मापदण्ड अनुसार नहीं होने पर संबंधित प्रदायक/निर्माता कम्पनी के विरूद्ध अनुबंध अनुसार कार्यवाही की जा सके। निरीक्षण की फीस प्रदायक को वहन करनी होगी।

(ब) सामग्री की गुणवता का परीक्षण अधिकृत थर्डपार्टी एजेन्सी द्वारा किया जावेगा। गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट प्रदायक द्वारा देयक के साथ संलग्न की जावेगी, जिसमें क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा जारी आदेश की दिनांक एवं संख्या व अन्य पूर्ण विवरण रहेगा। बिना परीक्षण रिपोर्ट के भुगतान नहीं किया जावेगा। निर्माता यह सुनिश्चित करें कि निर्धारित थर्डपार्टी परीक्षण समय पर हो जावे इसके लिए वह स्वयं थर्डपार्टी को अग्रिम में सूचित करेंगे।

5. **भुगतान** – प्रदायक के देयक का भुगतान आदेशानुसार सामग्री प्राप्त होने के उपरांत संबंधित विभाग/क्रेता से विधिवत पावती, संतुष्टि प्रमाण पत्र, निगम की पूर्ण राशि प्राप्त होने पर **''भुगतान पश्चात् भुगतान''** की शर्त पर विधिवत रूप से समस्त कर एवं निगम मार्जिन कम करने के उपरांत तथा थर्डपार्टी निरीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने पर निगम के संबंधित जिला प्रबंधक द्वारा किया जावेगा।

6. **दरों की एक मात्र मान्यता** : अनुमोदित दरें केवल निगम के माध्यम से प्रदायगी हेतु हैं, अन्य किसी विभाग से इन दरों पर व्यवसाय करने की स्थिति में प्रदायकर्ता पूर्ण रूप से उत्तरदायी रहेगा।

7. **अधिरोपित शास्ति** : In case the supplier does not produce the ordered material within the specified time limit penalty will be imposed as under:-

| No. | WEEKS | Rate of penalty imposed |
|---|---|---|
| 1 | 1 st to 2 nd week | 0.25% per week |
| 2 | 3 rd to 4th week | 0.50% per week |
| 3 | in Case the supplier refuse to supply the ordered material | Cancelling the supply order and temination of Agreement and Black listing for 1-5 years. |

संलग्न : उपरोक्तानुसार.

प्रबंधक (विपणन)

3602
13-01-25

प्रतिलिपि :-

1. प्रमुख सचिव, म.प्र.शासन, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, मंत्रालय, बल्लभ भवन, भोपाल।
2. प्रमुख सचिव, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, मंत्रलाय, बल्लभ भवन, भोपाल।
3. प्रमुख सचिव, म.प्र.शासन, रेशम विभाग, मंत्रलाय, बल्लभ भवन, भोपाल।
3. संचालक, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, विन्ध्याचल भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
4. संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, विन्ध्याचल भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
5. संचालक कृषि अभियांत्रिकी, आफिस काम्पलेक्स, बी–ब्लॉक, गौतम नगर, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
6. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मध्यप्रदेश, वन भवन, तुलसी नगर, लिंक रोड़ नम्बर –2, भोपाल – 462003
7. आयुक्त, रेशम विभाग, सतपुड़ा भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
8. निज सहायक मा. प्रबंध संचालक, मुख्यालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
9. महाप्रबंधक (वित्त), मुख्यालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
10. M/S MIKADO ENGINEERS, H.O. MIKADO'S COMMERCIAL COMPLEX, VILL. SANAUTI, ZIRAKPUR - PUNJAB की ओर सूचनार्थ।
11. M/S SINGLA TRADERS, SUBHAG CITY CENTER, NEW MARKET, BHOPAL की ओर सूचनार्थ।

प्रबंधक (विपणन)

# Quantum Leaps Mikado

Mikado's Commercial Complex, Khata No 210/342, Vill. Sanauli, Zirakpur, PB
Ph: +91 70095-32054 +91 81464-04380
Write us at: info@mikadoindia.com
Visit us at: mikadoindia.com

Our price list with discount to MP agro

| Article Name | Basic rate after discount | gst | PURCHASE | MP AGRO Margin amount 5% | GST ON MARGIN | MRP | GST % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Mikado's LIZARD REPELLENT | 136.28 | 6.81 | 143.1 | 6.81 | 0.34 | 150 | 5 |
| Mikado's LIZARD REPELLENT SPRAY 100ML | 152.80 | 27.50 | 180.3 | 7.64 | 1.38 | 189 | 18 |
| Mikado's COCKROACH REPELLENT | 109.02 | 5.45 | 114.47 | 5.45 | 0.03 | 120 | 5 |
| Mikado's COCKROACH REP. GEL | 118.11 | 5.91 | 124.02 | 5.91 | 0.03 | 130 | 5 |
| Mikado's RAT REPELLENT | 136.28 | 6.81 | 143.1 | 6.81 | 0.34 | 150 | 5 |
| Mikado's RAT VANISH | 136.28 | 6.81 | 143.1 | 6.81 | 0.34 | 150 | 5 |
| Mikado's RAT VANISH - 35 | 31.8 | 1.59 | 33.39 | 1.59 | 0.08 | 35 | 5 |
| Mikado's RAT GUARD SPRAY -250ML | 238.50 | 42.93 | 281.43 | 11.9 | 2.15 | 296 | 18 |
| Mikado's RAT GUARD SPRAY - 100ML | 152.80 | 27.50 | 180.30 | 7.64 | 1.38 | 189 | 18 |
| Mikado's RAT GUARD SPRAY - 350ML | 314.5 | 56.61 | 371.11 | 15.73 | 2.83 | 390 | 18 |
| Mikado's GLUE TRAP ECO | 63.6 | 3.18 | 66.78 | 3.18 | 0.16 | 70 | 5 |
| Mikado's GLUE TRAP REGULAR | 109.02 | 5.45 | 114.47 | 5.45 | 0.27 | 120 | 5 |
| Mikado's PULSES SAVER | 45.42 | 2.27 | 47.69 | 2.27 | 0.11 | 50 | 5 |
| Mikado's HERBAL RED LINE ( Ant Repellent ) | 36.34 | 1.82 | 38.16 | 1.82 | 0.09 | 40 | 5 |
| Mikado's Fridge Freshner ( Super Fresh ) | 63.60 | 3.18 | 66.78 | 3.18 | 0.16 | 70 | 5 |
| Mikado's MOSQUITO SPARY - 100ML | 152.80 | 27.50 | 180.30 | 7.64 | 1.38 | 189 | 18 |
| Mikado's MOSQUITO ROLL ON | 97.01 | 17.46 | 114.470 | 4.85 | 0.87 | 120 | 18 |
| Mikado's BUG REPELLENT | 136.28 | 6.81 | 143.1 | 6.81 | 0.34 | 150 | 5 |
| Mikado's FLY CATCHER REGULAR | 218.05 | 10.90 | 228.96 | 10.90 | 0.55 | 240 | 5 |
| Mikado's FLY CATCHER ( HP ) | 290.74 | 14.54 | 305.27 | 14.54 | 0.73 | 321 | 5 |

*ALL PRICE ARE PER NOS

* PRICES APPLICABLE AT THE TIME OF DISPATCH WILL BE APPLICABLE

* PRICES CAN CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE

* THIS PRICE LIST CANCELS ALL PREVIOUS PRICE LISTS.

MIKADO ENGINEERS

DIRECTOR LIAISON